Tel.& Fax :- 01564 - 220200
Web : www.mgcsrdr.com
Email : officekdgd@gmail.com
Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal Mahila Mahavidyalaya
Sardarshahar – 331403, Churu (Rajasthan)
Affiliated by MGS University, Bikaner & Recognized by UGC (12B & 2F)

Date : 25.11.2022

प्रेस नोट

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सद्भावना सप्ताह के अंतर्गत अंतिम दिन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में झंडा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रतीक राष्ट्रध्वज की विशेषताओं से अवगत कराया गया। समारोह के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय कुमार पारीक ने छात्राओं को झंडा दिवस एवं सद्भावना के महत्व से अवगत कराया, उन्होंने कहा कि हमें सदैव अपने महापुरुषों के उच्च दर्शन पर चलते हुए झंडे की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए तत्पर रहना जरूरी है। कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी श्री सुदर्शन गोयल ने छात्राओं को राष्ट्र की एकता में झंडे की महत्वपूर्ण भागीदारी से अवगत कराया, उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि वे इसी प्रकार परस्पर मेलजोल और सद्भाव से रहते हुए राष्ट्र की अखंडता में अपनी भूमिका को सुनिश्चित करें। एनएसएस प्रभारी श्री कमलकांत सुथार ने छात्राओं को राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने तथा उसके विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया। राजनीतिक विज्ञान की व्याख्याता डॉ. मीना शेखावत ने छात्राओं को झंडा दिवस के अवसर पर भारत के इतिहास में रही महापुरुषों की भागीदारी से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन हमारे झंडे का प्रारूप स्वतंत्रता से पूर्व ही निर्धारित हो चुका था, और स्वतंत्रता से पहले ही भारतीयों ने एकजुटता का परिचय देते हुए झंडा फहराया था। इस अवसर पर छात्राओं को झंडे के रूप में टिकट का वितरण भी किया गया कार्यक्रम के अवसर पर पोस्टर का विमोचन भी किया गया ।

25/11/22

प्राचार्य

श्रीमती कमलादेवी गौरीदत्त मित्तल महिला
(पी.जी.) महाविद्यालय,
राष्ट्रीय सेवा
आपका हार्दिक
MGC C-283
MGC C-163
MGC C-536